# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक / गोपनीय / 2019 / ...17...... रीवा दिनांक 22/01/2019

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / विभागाध्यक्ष
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

विषय–स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सी.सी.ई / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट परीक्षा के समस्त अंक अपलोड करने बावत्।

महोदय,

विषयान्तर्गत आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2018 के सी.सी.ई / प्रायोगिक परीक्षा के अंक Mp. Online/Portal पर प्रेषित किये जाने है। जिन छात्रों के परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरे गये हैं उन छात्रों के सी.सी.ई / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट के अंक Mp. Online/Portal पर ही अपलोड किये जावें। ऐसे छात्रों के अंक ऑफलाइन स्वीकार नही किये जावेंगे।

अतः अपने महाविद्यालय मे अध्ययनरत् छात्रों के सी.सी.ई / प्रायोगिक के अंक निर्धारित तिथि दिनांक 10.02.2019 तक अनिवार्य रूप से प्राथमिकता पर अपलोड कराने की व्यवस्था करे ताकि परीक्षा परिणाम समय से घोषित किया जा सके। कृपया प्रकरण को प्राथमिकता देवे अन्यथा विलम्ब के लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

22.1.2019

सहायक कुलसचिव (गोपनीय विभाग)

Sri Pramod Gupta

**प्रतिलिपिःसूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–**

1. प्रमुख सचिव महोदय, उच्च शिक्षा विभाग वल्लभ भवन भोपाल (म.प्र.)
2. अतिरिक्त संचालक महोदय, उच्च शिक्षा रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)
3. माननीय कुलपति जी के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक।
4. सिस्टम इंचार्ज कम्प्यूटर सेन्टर एम.पी. ऑनलाइन
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)

Sri Mudit Saket
Pl. upload
web.

22.1.2019

सहायक कुलसचिव (गोपनीय विभाग)

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक/प्रशासन/दीक्षान्त समारोह/2019/ 19 रीवा, दिनांक 23-01-2019

## प्रेस विज्ञप्ति

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा का सप्तम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 01.02.2019 को आयोजित हो रहा है। उक्त अवसर पर सत्र 2017–18 के स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्तीर्ण पात्र छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक एवं कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा। इन पात्र छात्र/छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.apsurewa.ac.in** पर उपलबध है। इसके साथ ही डी.लिट., डी.एससी. एवं पी.एचडी. अद्यावधि (21 दिसम्बर 2017 से 28 जनवरी, 2019) तथा सत्र 2016–17 में एम.फिल. एवं वर्ष 2017–18 स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं जिन्होंने अपना पंजीयन इस अवसर पर उपाधि प्राप्त करने हेतु कराया है, प्रदाय किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह की सफलता के लिये दिनांक 30 एवं 31 जनवरी, 2019 को अपरान्ह् 2.00 बजे कार्यक्रम स्थल पं0 शम्भूनाथ शुक्ल सभागार में पूर्वाभ्यास होगा। जो छात्र उक्त अभ्यास में शामिल होंगे उन्हें ही दिनांक 01 फरवरी, 2019 को समारोह में स्वर्ण पदक/उपाधि प्रदाय की जायेगी।

दीक्षान्त समारोह में छात्र/छात्राओं द्वारा भारतीय परिधान धारण किया जायेगा, जो निम्नानुसार है :–

* छात्र सफेद कुर्ता पायजामा।
* छात्रायें सफेद कुर्ता पायजामा अथवा सफेद साड़ी।

सभी विद्यार्थी गोल्डन जैकेट तथा केसरिया पगड़ी धारण करें। पी.एचडी. धारकों के लिये उत्तरीय का रंग क्रीम तथा स्नातकोत्तर उपाधि धारक के लिए उत्तरीय का रंग लेमन येलो निर्धारित किया गया है जो विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय किया जावेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को रुपये–500/– अग्रिम जमा कर प्राप्त करना होगा। उत्तरीय एवं पगड़ी उपलब्ध करायी जायेगी। जैकेट तथा कुर्ता पायजामा रुपये–1000/– की राशि विश्वविद्यालय में स्थापित स्टॉल से क्रय की जा सकती है।

आदेशानुसार,

23/01/19

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ अग्रेषित–

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अ0प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
2. उप कुलसचिव, अकादमिक विभाग, अ0प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
3. डॉ0 पी0के0 राय, कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक
5. सम्पादक, ............................................ रीवा कृपया इसे समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

Sri Mudrika
Pl. upload in website

23/1/19

22.1.19

उप कुलसचिव (प्रशासन)

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक/प्रशासन/दीक्षान्त समारोह/2019/21 रीवा, दिनांक 23-1-19

### संशोधित विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय व्दारा पूर्व में जारी विज्ञप्ति क्रमांक/प्रशासन/दीक्षान्त समारोह/2019/10 दिनांक 15.10.2019 में उल्लिखित उपाधि वितरण में सत्र 2016–17 में उत्तीर्ण एम.फिल. छात्र/छात्राओं को भी आवेदन करने के पश्चात् दीक्षान्त समारोह में उपाधि का वितरण किया जायेगा ।

कुलसचिव

पृष्ठांकन क्रमांक/प्रशासन/2019/21 A दिनांक 23-1-19

प्रतिलिपि सूचनार्थ अग्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल
2. महामहिम राज्यपाल के उपसचिव, राजभवन भोपाल
3. कुलसचिव, भारत के समस्त विश्वविद्यालय
4. विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक/प्रशासकीय विभाग, अ0प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
5. सहायक कुलसचिव, गोपनीय एवं परीक्षा, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
6. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
7. आयुक्त, शहडोल सम्भाग, डी.आई.जी.शहडोल एवं पुलिस अधीक्षक, सतना, सीधी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर की ओर सूचनार्थ।
8. आयुक्त रीवा सम्भाग, जिलाध्यक्ष रीवा, डी.आई.जी.पुलिस रीवा, पुलिस अधीक्षक रीवा
9. वित्त नियंत्रक, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
10. सहायक संचालक, आवासीय निधि संपरीक्षा, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
11. उपाधि प्रकोष्ठ, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
12. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक
13. सम्पादक, ........................................

    इस निवेदन के साथ उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में 02 कालम x 8 से.मी. साइज में विज्ञापन के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें एवं देयक की दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

23.1.19

उप कुलसचिव (प्रशासन)

श्री मुद्रिका. वि. वि. की वेबसाइट में डालें।

23/1/19